कार्यालय
छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग रायपुर
शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर रोड, रायपुर (छ.ग.)
दूरभाष नं. 0771–2999972 E-Mail - cgbcwfc@gmail.com

प्रेस–विज्ञप्ति

छ.ग. शासन द्वारा पिछड़ा वर्ग समुदाय के हित में छ.ग. पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का गठन पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग की अधिसूचना क्र. एफ 19–19/2024/54 दिनांक 16/07/2024 द्वारा किया गया है। आयोग राज्य शासन को उक्त अधिसूचना के क्रमांक 02 अंतर्गत निम्न विषयों पर अध्ययन कर सुझाव संस्तुति प्रस्तुत करेगा –

2.1 प्रदेश मे पिछड़े वर्ग की वर्तमान सामाजिक, शैक्षणिक तथा आर्थिक स्थिति का अध्ययन।

2.2 शासन के विभिन्न विभागो की संरचना एवं योजनाओं में पिछड़े वर्ग की भागीदारी की वर्तमान स्थिति का अध्ययन।

2.3 राज्य की शैक्षणिक संस्थाओं में पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को मिल रहे लाभो का अध्ययन।

2.4 राज्य में पिछड़े वर्ग के युवाओ के लिए रोजगार के अवसरो का आकलन तथा इसमें वृध्दि की उपाय।

2.5 राज्य में पिछड़े वर्ग की युवाओ हेतु कौशल उन्नयन कार्यक्रमो तथा प्रशिक्षण के संचालन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा।

2.6 पिछड़े वर्ग के सामाजिक शैक्षणिक तथा आर्थिक कल्याण हेतु अन्य को उपाय तथा अनुशंसाए।

2.7 छत्तीसगढ़ राज्य में त्रि–स्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों के निर्वाचन में अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व एवं आरक्षण के संबंध में।

आयोग में शासन द्वारा निम्नानुसार अध्यक्ष तथा सदस्य कार्यरत है –

1. मान. श्री आर.एस. विश्वकर्मा (से.नि.IAS)	–	अध्यक्ष
2. मान. श्री निलांबर नायक	–	सदस्य
3. मान. श्री बलदाऊराम साहू	–	सदस्य
4. मान. श्री हरिशंकर यादव	–	सदस्य
5. मान. श्री यशवंत वर्मा	–	सदस्य
6. मान. श्रीमति शैलेन्द्री परगनिहा	–	सदस्य
7. मान. श्री कृष्णा गुप्ता	–	सदस्य

आयोग ने बैठक में यह निर्णय लिया है कि पिछड़े वर्ग कि विभिन्न जातियों के समुदाय के संघो/प्रतिनिधियों/जनसामान्य से चर्चा कर उनके भी सुझाव एवं जानकारी प्राप्त की जावे, इसलिए इस संबंध में पिछड़े वर्ग से संबंधित सभी जातियों के पदाधिकारियों से अनुरोध है कि यदि उनके द्वारा अपनी जाति/समूह का कोई सामाजिक–आर्थिक अध्ययन/शोध किया है तो उसकी जानकारी आयोग को हार्ड एवं साफ्ट कॉपी में 30 सितम्बर 2024 तक उपलब्ध करा सकते है, ताकि उनकी स्थिति के बारे में आयोग बेहतर तरीके से समझ सके। इस हेतु विभिन्न पदाधिकारी/जनसामान्य आयोग के अध्यक्ष/पदाधिकारियों से पूर्व समय लेकर आयोग के कार्यालय में मुलाकात कर सकते है। आयोग का पता "छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग रायपुर, शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर रोड, रायपुर छ.ग." फोन नं. 0771–2999972 है, तथा ई–मेल cgbcwfc@gmail.com है। अन्य पिछड़ा वर्ग की जाति समूह की सूची छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की वेबसाईट www.cgobc.com में उपलब्ध है।

(हिमांचल साहू)
सचिव
छ.ग. पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग
रायपुर (छ.ग.)